INDIAN COUNCIL OF MEDICAL RESEARCH
Serving the nation since 1911
NATIONAL INSTITUTE OF VIROLOGY

आई सी एम आर – राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
ICMR - NATIONAL INSTITUTE OF VIROLOGY
Department of Health Research
Ministry of Health & Family Welfare, Govt. of India

**फाईल सं. हिंदी/1/2/96/प्रशा./**VII-100 **दिनांक: 19.11.2025**

**आई.सी.एम.आर - राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, पुणे में अल्पकालिक संविदा के आधार पर युवा पेशेवर - II (प्रशा.) (हिंदी अनुवादक) (पूर्णतः अस्थाई) (1 पद) की नियुक्ति के लिए विज्ञापन**

आई.सी.एम.आर - राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, पुणे स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। आई.सी.एम.आर - राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, पुणे में अल्पकालिक संविदा के आधार पर **युवा पेशेवर-II (प्रशा.) (हिंदी अनुवादक) (पूर्णतः अस्थाई) (एक पद)** के पद को भरने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से निर्धारित प्रोफार्मा (अनुलग्नक -I) में ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

1. निर्धारित रुप में आवेदन (अनुलग्नक -I) प्राप्त करने की अंतिम तिथि 11 दिसंबर, 2025 (शाम 5.30 बजे तक) है। अंतिम तारीख / समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जाएगा। आवेदन पत्र (अनुलग्नक -I) सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित **निदेशक, आई.सी.एम.आर - राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, 20-ए, डा. आंबेडकर मार्ग, पुणे - 411001** को भेजा जाए।

2. केवल वे ही उम्मीदवार, जो सभी पात्रता मानदंडों को पूर्ण करते हैं, साक्षात्कार प्रक्रिया के लिए आमंत्रित किए जाएंगे।

3. साक्षात्कार की तिथि और साक्षात्कार के लिए केवल चयनित (Only Shortlisted) उम्मीदवारों की सूची आई.सी.एम.आर - राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (ICMR-NIV) पुणे की वेबसाइट (https://niv.icmr.org.in/) पर प्रकाशित की जाएगी।

4. उम्मीदवार की आयु आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि (11 दिसंबर, 2025) तक 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए (आयु में नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी)

5. **शैक्षणिक योग्यता** - मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में स्नातकोत्तर डिग्री (मास्टर डिग्री) होनी चाहिए, जिसमें स्नातक स्तर पर अंग्रेजी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल हो, या परीक्षा का



20 - ए.डा. आंबेडकर मार्ग, पोस्ट बॉक्स संख्या 11, पुणे – 411 001, भारत.
20-A, Dr. Ambedkar Road, Post Box No. 11, Pune 411 001, India
Tel.: NIV Camp +91-020-26127301, 26006290, Fax : 26122669
NIV Pashan +91-020-25906890 Fax : 25871895
E-mail : director.niv@icmr.gov.in Website : www.niv.icmr.org.in

माध्यम अंग्रेजी रहा हो तथा हिंदी - अंग्रेजी अनुवाद में डिप्लोमा या 2-3 साल का अनुभव भी आवश्यक है।

6. **पारिश्रमिक -** युवा पेशेवर-।। (प्रशा.) (हिंदी अनुवादक) के पद का समेकित पारिश्रमिक रुपये 42000/- (बयालीस हजार रुपये) प्रति माह होगा। चयनित कर्मचारी किसी मानदेय या भत्तों यथा दैनिक भत्ता, मकान किराया भत्ता, परिवहन भत्ता, सीसीए (शिशु देखभाल भत्ता) आदि का हकदार नहीं होगा। कर्मचारी को आवासीय दूरभाष, परिवहन, सीजीएचएस, निजी स्टॉफ, चिकित्सा सुविधा या आवास सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी।

7. **नियुक्ति की अवधि -** प्रारंभ में, यह पद नियुक्ति की तारीख से 1 वर्ष की अवधि के अधीन होगा। आगे की अवधि के लिए संविदा सेवा के पश्चात का विस्तार, संस्थान के नियंत्रण अधिकारी द्वारा चयनित कर्मचारी के कार्य के मूल्यांकन और कार्य की आवश्यकता तथा कार्य निष्पादन की दक्षता के अधीन होगा।

   संविदा सेवा की अवधि समाप्त होने के बाद आगे के लिए सेवा का कोई अधिकार प्रदान नहीं करता है।

8. **छुट्टी का हकदार -** युवा पेशेवर यथानुपात (प्रो-रेटा) आधार पर 1 कैलेंडर वर्ष में 8 आकस्मिक और 2 प्रतिबंधित छुट्टियों का हकदार होगा।

   अप्राधिकृत रुप से अनुपस्थित रहने के मामले में, कार्यालय यथानुपात आधार पर वेतन की कटौती करेगा और पात्रता छुट्टियों के पश्चात तीस दिनों से अधिक समय के लिए कार्य से अनुपस्थित रहने के मामले में, नियोक्ता बिना कोई सूचना दिए युवा पेशेवर की सेवा समाप्त करने के लिए स्वतंत्र होगा।

9. युवा पेशेवर कार्य के लिए कार्यभार ग्रहण करने अथवा इसकी समाप्ति पर परिवहन भत्ता/दैनिक भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा। यद्यपि नियुक्ति अवधि के दौरान सौंपे गये कार्य के संबंध में की जाने वाली यात्रा के लिए अपनी पात्रता के अनुसार, युवा पेशेवर के लिए लागू मौजूदा नियमों के अनुसार यात्रा भत्ता / दैनिक भत्ता आहरित करने का हकदार होगा।

10. युवा पेशेवर भारतीय अधिकारिक गोपनीयता अधिनियम,1923 के प्रावधानों के अधीन होगा।

11. युवा पेशेवर से इस आशय की वचनबद्धता ली जाएगी कि उनके विरुद्ध कोई अनुशासनिक / अपराधिक कार्रवाई लंबित नहीं अथवा विचाराधीन नहीं है।

12. युवा पेशेवर पर परिषद के दिनांक 26/11/2024 के कार्यालय ज्ञापन सं. 16/84/2024-प्रशा./ई-171470 के तहत जारी दिशा-निर्देश अनिवार्य रुप से लागू होंगे।

13. **भर्ती प्रक्रिया -**

I. भर्ती परिषद के हिंदी संवर्ग के भर्ती नियमों के अनुसार होगी।

II. चयन, लिखित परीक्षा / व्यक्तिगत चर्चा के आधार पर होगा।

III. केवल वही उम्मीदवार साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकेंगे जो आयु, योग्यता और अनुभव के मानदंडो को पूरा करते हों।

IV. चयनित उम्मीदवारों को सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ मूल प्रमाणपत्र सत्यापन हेतु प्रस्तुत करने होंगे।

V. ईमेल से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

VI. आवश्यकता पड़ने पर साक्षात्कार से पूर्व लिखित परीक्षा या असाइनमेंट लिया जा सकता है।

VII. केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु ई-मेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा। अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे विज्ञापन से संबंधित अपडेट के लिए नियमित रूप से आई.सी.एम.आर - राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (ICMR-NIV) पुणे की वेबसाइट देखते रहें।

VIII. अंतिम चयन साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

**नियम एवं शर्ते-**

I. अधूरे, गलत या बिना हस्ताक्षर / फोटो वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

II. गलत सूचना देने पर आवेदन कभी भी रद्द किया जा सकता है।

III. चयनित उम्मीदवार को स्थायी सरकारी कर्मचारी जैसे लाभ (भविष्य निधि, अवकाश यात्रा रियायत, चिकिस्ता सुविधा आदि) प्राप्त नही होंगे।

IV. संस्थान के निदेशक को किसी भी आवेदन को अस्वीकार / स्वीकार करने और चयन प्रक्रिया को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

V. केवल योग्यता एवं अनुभव के आधार पर चयन की गारंटी नहीं है।

VI. नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी एवं संविदा आधारित होगी; भविष्य में स्थायी नियुक्ति का कोई दावा नहीं किया जा सकेगा।

VII. उपरोक्त रिक्ति के संबंध में किसी भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र की सूचना केवल आई.सी.एम.आर - राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (ICMR-NIV) पुणे की वेबसाइट https://niv.icmr.org.in/ पर प्रकाशित की जाएगी और प्रेस में कोई अलग से अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी।

VIII. किसी भी प्रकार की सिफारिश या प्रभाव चयन प्रक्रिया से वंचित करने का कारण बनेगा।

**आवेदन से संबंधित सभी विवरण देखने के लिए वेबसाइट** - https://niv.icmr.org.in/ **एवं** https://www.icmr.gov.in/

**निदेशक**

**अनुलग्नक-I**

## आई.सी.एम.आर. - राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान,
## 20-ए, डा. आंबेडकर मार्ग, पुणे (महाराष्ट्र) - 411001

**आवेदन पत्र**

| |
|---|
| पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ चिपकाएं |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आवेदित पद | |
| 2. | उम्मीदवार का पूरा नाम (दसवीं प्रमाणपत्र के अनुसार) | |
| 3. | पिता/पति/माता का नाम | |
| 4. | जन्मतिथि (DD/MM/YYYY) | |
| 5. | आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के अनुसार आयु | |
| 6. | लिंग (पुरूष/महिला/ट्रांसजेंडर) | |
| 7. | वैवाहिक स्थिति | |
| 8. | राष्ट्रीयता | |
| 9. | जाति प्रवर्ग | |
| 10. | पत्राचार के लिए डाक पता | |
| 11. | स्थाई पता | |
| 12. | फोन/मोबाईल नंबर | |
| 13. | ई-मेल आईडी | |

14. शैक्षणिक योग्यता (दसवीं से शुरू) (संबंधित डिग्री / डिप्लोमा प्रमाणपत्र तथा अंक तालिका (मार्कशीट) की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियाँ संलग्न करे)

| परीक्षा | विषय | बोर्ड / परिषद / विश्वविद्यालय का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल प्राप्त अंक | पुरस्कार / श्रेणी / विशिष्टता |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

15. अनुभव (कार्य अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियाँ संलग्न करें)

| वर्तमान एवं पूर्व नियोक्ता का नाम, पता एवं संपर्क नंबर | वर्तमान / पिछला पद | अवधि | | कार्य की प्रकृति | छोड़ने का कारण |
|---|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

16. रोज़गार विनिमय पंजीकरण विवरण (यदि उपलब्ध हो): नं.____________ विनिमय: ______________

17. यदि चयनित हुए तो इस पद में शामिल (Joining) होने के लिए आपको कितने समय की आवश्यकता होगी:

___________________________

18. क्या आपको कभी किसी चिकित्सा बोर्ड / न्यायालय द्वारा सरकारी सेवा में नियुक्ति हेतु अयोग्य घोषित किया गया है? हां/नहीं ______ (यदि हां तो विवरण लिखें) _________________________________

19. कोई अन्य जानकारी जो आप देना चाहते हैं ____________________________________________________

__________________________________________________________________________________________

__________________________________________________________________________________________

## घोषणा

मैं ______________________________ एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवदेन पत्र में दिए गए सभी विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं समझता/समझती हूँ कि यदि मेरे द्वारा प्रदान की गई कोई भी जानकारी/सूचना किसी भी स्तर पर झूठी या गलत पाई जाती है, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना या मुआवज़े के रद्द या समाप्त की जा सकती हैं।

**उम्मीदवार के हस्ताक्षर** - ________________________

**उम्मीदवार का पूरा नाम** - ________________________

**स्थान** -

**दिनांक** -